श्री सदगुरू देवाय नम: ओ३म् जय माता दी
सीताराम बाबा जी जय बाबा की श्याम बाबा
! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!!

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 9 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦15 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

चुनाव से पूर्व मुफ्त वाली स्कीमों के ऐलान पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

याचिका पर केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो रहा है। इससे पहले दोनों ही राज्यों में सत्ताधारी दलों ने जनता के लिए कई लोक-लुभावन स्कीमों का ऐलान किया है। महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये तक के कैश की स्कीम का ऐलान हुआ है तो वहीं टोल टैक्स में छूट जैसे फैसले भी हुए हैं। ऐसे ही फैसलों को चुनौती देते हुए एक अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई है। मंगलवार को अदालत ने इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। इस अर्जी में अदालत से मांग की गई कि चुनाव से ठीक पहले मुफ्त वाली स्कीमों के ऐलान को रिश्वत घोषित करना चाहिए। यह वोटर को एक तरह से रिश्वत का झांसा देना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस अर्जी पर केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। इसके अलावा दाखिल अर्जी को पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही जोड़ दिया है। याची ने यह मांग भी की थी कि चुनाव से कुछ वक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

आवारा सांड के हमले से वृद्ध की मौत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। आवारा सांड ने एक वृद्ध की जान ले ली। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 2 में गोविंदपुर निवासी 92 वर्षीय धनराज बाजार से पैदल घर की ओर जा रहे थे, इसी दौरान टेंपो स्टैंड के पास आवारा सांड ने उन्हें सड़क पर पटक दिया। सिर में गंभीर चोटें आने से धनराज घायल हो गये। आनन फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी ले गए जहां उनकी चिंताजनक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रेन पर चढ़ते समय गिरने से यात्री गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन में ट्रेन पकड़ रहा एक यात्री असंतुलित होकर प्लेटफार्म पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए रेलवे पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार चंदौसी निवासी 26 वर्षीय आकाश पुत्र सत्यदेव शर्मा मंगलवार प्रात: घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन आया था। जब लालकुआं से मुरादाबाद जा रही ट्रेन को पकड़ने के लिए वह प्लेटफार्म पर दौड़ने लगा तो असंतुलित होकर गिर गया। जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आ गईं। मामले की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस ने 108 एम्बुलेंस उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसका उपचार किया गया। जिसके बाद आकाश अपनी इच्छा से घर को रवाना हो गया। बताया जाता है कि आकाश मजदूरी का काम करता है।

सेवानिवृत पशु चिकित्साधिकारी से ऑनलाईन 64 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददामा)। शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुरादाबाद से सेवानिवृत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से ऑन लाईन 64 लाख रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीडित ने अज्ञात के खिलाफ रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में तिलक सिंह पुत्र स्व. समुद सिंह निवासी एलायंस किग्संटन स्टेट काशीपुर रोड रूद्रपुर ने कहा है कि वह वर्ष 2018 में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुरादाबाद के पद से सेवानिवृत्त हुए। प्रार्थी की सोशल मीडिया प्लेट फार्म फेसबुक में आईडी प्रचलित है। 7 अगस्त 2024 को उनके फेसबुक एकाउण्ट में उसमें बजाज एसएसटी का एक विज्ञापन प्रदर्शित हुआ। भूलवश लिंक पर क्लिक करते ही उनका व्हाट्सअप नम्बर ग्रुप एड हो गया। जिसमें ट्रेडिंग सम्बन्धी दिशा निर्देश मिलते थे तथा बताया जाता था कि शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर कैसे मुनाफा कमा सकते हो तथा ट्रेडिंग सम्बन्धी ट्रेनिंग दी जाती थी। ग्रुप की करीना बजाज द्वारा ग्रुप में ट्रेडिग हेतु उनका पैन कार्ड मांगा गया। शेयर करने पर करीना द्वारा आईडी क्रियेट कर यूजर आईडी व पासवर्ड दिया गया। उसके द्वारा रामा लक्ष्मी लिंगम, विजय बजाज तथा करीना बजाज से समय समय पर इन्वेस्टमेण्ट के बारे में जानकारी पूछी गयी तो उनको थोडा बहुत इन्वेस्ट किये जाने के सम्बन्ध में बताया गया। जिसके उपरान्त एक एप डाउनलोड कराया गया। करीना बजाज द्वारा निवेश के नाम पर इन अकाउन्ट पर धनराशि जमा करने को बताया जाता था। आईपीओ व अन्य इनवैस्टमैन्ट के लिए धनराशि उन्होंने अपने व अपने बेटे अनुराग के बैंक खातो से इनके द्वारा दिये गये विभिन्न बैंक खातों में जमा की गयी। व्हाट्सअप ग्रुप पर निवेश की गयी धनराशि में भी अधिक लाभ प्रदर्शित हो रहा था 30 सितंबर (शेष पृष्ठ सात पर)

पुलिसकर्मी की पत्नी के साथ साईबर ठगी

काशीपुर। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देते हुए साइबर ठगों ने एक पुलिसकर्मी की पत्नी की बैंक खाते से लाखों रुपए उड़ा दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मौ. कवि नगर, काशीपुर निवासी उर्मिला पत्नी अवधेश ने बताया कि बीते 7 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपके पति जो पुलिस में है उनसे हमारी बात हो गयी है, आपके खाते में आरडी के 25 हजार रुपये भेजे गये हैं, चौक कर लो। जब उन्होंने चौक करने के लिए मैसेज खोला तो फोन करने वाले ने उनसे कहा कि(शेष पृष्ठ सात पर)

चोरी हुए 15 लाख के आभूषण सहित दो शातिर गिरफ्तार

घर में पेंट करने आये मजदूर निकले शातिर चोर, पुलिस ने 24 घंटे के किया खुलासा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर क्षेत्र की कलेक्ट्रेट कालोनी स्थित घर में रंगाई पुताई के लिए आये दो लोगों ने घर में रखे 15 लाख से अधिक के आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर दोनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के आभूषण बरामद कर लिये। पंतनगर थाने में पीड़ित ने तहरीर देकर बताया था कि 12 अक्टूबर को घर पर रंगाई पुताई करने वाले दो अज्ञात व्यक्तियों ने घर पर रखे 15 लाख रुपये के सोने चादी के आभूषण चोरी कर लिये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी के निर्देश पर घटना के अनावरण के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने छानबीन के दौरान 50 से अधिक सीसी टीवी कैमरो का अवलोकन किया और कई संदिग्धो से पूछताछ की। सोमवार शाम पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले सुनील पुत्र राम भरोसे लाल निवासी ग्राम खाता थाना देवरनीय जिला बरेली और भवानी प्रसाद उर्फ बंटी पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम खाता थाना देवरनीय जिला बरेली को चोरी के 15 लाख से अधिक के माल के साथ सिडकुल स्थित लुमिनस कम्पनी के पास से गिरफ्तार (शेष पृष्ठ सात पर)

जाफरपुर गोलीकाण्ड मामले में चार गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर में दो पक्षों के मध्य हुई फायरिंग की घटना के बाद मौके से फरार हुए चार अभियुक्तों को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि थानाध्यक्ष दिनेशपुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है उनमें करन सिंह विर्क पुत्र मंजूर सिंह निवासी नन्दा विहार कालोनी थाना सितारगंज, सतेन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी फरीदपुर हसन थाना अमरिया जिला पीलीभीत, बलराम विश्वास पुत्र दीपक विश्वास निवासी नेतानगर दिनेशपुर तथा पुष्पराज सिंह उर्फ प्रिंस पुत्र सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर हसन, थाना अमरिया, जिला पीलीभीत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास से 2 अदद अवैध तमंचे 315 बोर के,थार वाहन संख्या यूके-06बीएच 9306,कार संख्या यूके-06-बीएफ-1322, 26 खोखा कारतूस 12 बोर, 12 खोखा कारतूस 315 बोर, 29 खोखा कारतूस 7.65 डड पिस्टल के बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने (शेष पृष्ठ सात पर)

मांगों को लेकर दिव्यांगों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुलाबी कार्ड सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांगजनों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। दिव्यांग सेवा संस्था के बैनरतले सौ से अधिक दिव्यांग जन मंगलवार को पूर्व विधयक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी की अनुपस्थिति में दिव्यांगजनों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दिव्यांग (शेष पृष्ठ सात पर)

शराब दुकान हटाने के लिए जिला आबकारी कार्यालय पर गरजे लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छतरपुर मार्ग पर बनाये जा रहे अंडर पास के पास से शराब की दुकान हटाये जाने की मांग को लेकर भूरारानी की महिलाओ ने जिला आबकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनसे जनहित में शराब की दुकान वहां से तत्काल (शेष पृष्ठ सात पर)

एसएसपी ने देर रात दिनेशपुर थाने का किया औचक निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने देर रात थाना दिनेशपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। एसएसपी के निरीक्षण से थाना कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान एसएसपी ने दिनेशपुर में हुए गोली काण्ड सहित अन्य मामलों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे एसएसपी ने फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ की। उन्होंने घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने के (शेष पृष्ठ सात पर)

500 रूपये के नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

लालकुंआ पुलिस ने 3.07 लाख रुपये के नकली 500 के नोटों के साथ सात आरोपियों को किया गिरफ्तार
मालदा पश्चिम बंगाल जाकर नकली नोट ले आते हैं और उत्तराखण्ड, यूपी एवं अन्य राज्यों में चलाते है

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिले में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने नकली नोटों के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 500 रुपये के कुल 3.07 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं। मामला तब सामने आया जब 9 अक्टूबर 2024 को लालकुआं पुलिस ने चेकिंग के दौरान शिवम वर्मा नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 9,000 रुपये के नकली नोट बरामद हुए। शिवम वर्मा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की, जिसमें उसने अन्य साथियों के नामों का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने 13 अक्टूबर को पुरानी नगीना कॉलोनी के एक खंडहर में छापेमारी कर आसिफ अंसारी उर्फ आशिक रजा, सय्यद मौज्जम अली और अली मोहम्मद को गिरफ्तार किया। इन तीनों के पास से बड़ी मात्रा में नकली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत 2.67 लाख रुपये बताई जा रही है। सोमवार को एसएसपी पीएन मीणा ने नकली नोट चलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में सघन चैकिंग अभियान के दौरान लालकुआं पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शिवम वर्मा पुत्र महेश चन्द्र वर्मा निवासी वार्ड न01 अम्बेडकर नगर लालकुआं जिला नैनीताल उम्र 28 वर्ष को वाहन संख्या यूके 04 एबी 4892 सियाज कार के साथ नकली नोट कुल 9000/–रुपया का परिवहन व अपने कब्जे में रखकर उसका उपयोग किये जाने पर गिरफ्तार किया गया और थाना लालकुआं में अभियुक्त शिवम वर्मा उपरोक्त के विरुद्ध मु०एफआईआर नं0 193/24 धारा 179/180 बीएनएस पंजीकृत होकर विवेचना प्रचलित की गयी। दौराने विवेचना अभियुक्त शिवम वर्मा द्वारा अन्य कई व्यक्तियों के नाम लेते हुये उनके इस अपराध में शामिल होने की बात कही गयी। थाना लालकुआँ में पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित शिवम वर्मा पुत्र की गिरफ्तारी के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के आदेश के क्रम में श्री प्रकाश चन्द्र पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी के निर्देशन तथा श्री नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में कई टीमो का गठन किया गया। गठित टीमो द्वारा पुरानी नगीना कालौनी प्राथमिक विद्यालय के खण्डहर से 03 अभियुक्तों आसिफ अंसारी उर्फ आशिक रजा, सय्यद मौज्जम अली, अली मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से क्रमशः 500 रू0 के कुल 1,00,000/ एक लाख रू0, 138 नकली नोट कुल 69000 उन्हत्तर हजार रू तथा 500 रू0 के 196 नकली नोट कुल 98000 अट्ठानवे हजार रू० उपरोक्त समस्त 500 के बरामद किये गये। उक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र विशन राम निवासी विकासपुरी खैरानी लालकुआँ जिला नैनीताल उम्र 32 वर्ष जो लगातार लापता चल रहा था को 14 अक्टूबर को खैरानी जंगल से 11 नोट नकली 500 रुपया के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवम वर्मा के गिरफ्तार होने पर उसके द्वारा शेष नकली नोटो में कुछ नोट निकलाकर विनोद कुमार को दिये गये थे जो कि विनोद द्वारा अपने चचेरे भाई को दिये गये तथा अपने जीजा विजय टम्टा को कुछ नोट जलाकर शेष नोट छिपा देने हेतु कहा गया था। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर अभियुक्त विजय टम्टा पुत्र स्व० नारायण कुमार टम्टा निवासी पश्चिमी घोडानाला बिन्दुखत्ता लालकुआ उम्र– 39 वर्ष एवं संतोष कुमार पुत्र पुरन राम निवासी विकासपुरी खैरानी बिन्दुखत्ता उम्र 28 वर्ष की निशादेही पर जंगल से नोट का जला हुआ टुकडा व राख तथा 500 के 51 नकली नोट बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों आसिफ अंसारी उर्फ आशिक रजा पुत्र इबराहीम अंसारी निवासी सनईया रानी सी०बी० गंज जिला बरेली उ0प्र0 उम्र–22 वर्ष के कब्जे से पांच–पांच सो रुपये के 200 नकली नोट कुल– 100000 रुपये, सय्यद मौज्जम अली पुत्र सय्यद इबनै अली निवासी–सनईया रानी सी०बी० गंज जिला बरेली उ0प्र0 उम्र–23 वर्ष के कब्जे से पांच–पांच सो रुपये के 138 नकली नोट कुल–69000 रुपये, अली मोहम्मद पुत्र मौ० राज निवासी संजय नगर हाथीखाना थाना लालकुआँ जनपद नैनीताल उम्र– 32 वर्ष, के कब्जे से पांच–पांच सो रुपये के 196 नकली नोट कुल 98000 रुपये, विनोद कुमार पुत्र विशन राम निवासी विकासपुरी खैरानी लालुक उम्र 39 वर्ष के कब्जे से पांच–पांच रुपये के 11 नकली नोट कुल–5500, संतोष कुमार पुत्र पूरन राम निवासी विकासपुरी खैरानी बिन्दुखत्ता उम्र 28, विजय टम्टा पुत्र स्व० नारायण कुमार टम्टा निवासी पश्चिमी घोडानाला बिन्दुखत्ता लालकुआ नैनीताल उम्र 39 वर्ष की निशादेही पर 25500/– रुपया (500– 500 के नकली नोट) तथा नोटो की जली राख बरामद हुई। अभी तक मामले में कुल 07 अभियुक्तों से 500 रूपये के 614 नकली नोट कुल–धनराशि 3,07,000 रूपये बरामद की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार मालदा पश्चिम बंगाल जाकर नकली नोट ले आते हैं, पूरे ग्रुप द्वारा नोट चलाकर उत्तराखण्ड, यूपी एवं अन्य राज्यों में चलाते है। अभियुक्त शिवम वर्मा द्वारा अज्ञात करन्ट एकाउन्ट खोला गया है जिसमें अन्यत्र स्थानों से भी लेन–देन किया गया है। जो सम्भवतः क्रिप्टो करेन्सी का भी मामला हो सकता है, जिसके बारे में जॉच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस टीम को 2,500 रू नकद धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है। गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम में नितिन लोहनी, क्षेत्राधिकारी नगर हल्द्वानी, डीआर वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं व0उ0नि0 हरेन्द्र सिंह नेगी, कोतवाली लालकुआं व0उ0नि0 दित्तीय दीपक सिंह विष्ट, कोतवाली लालकुआं उ0नि0 सोमेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी बिन्दुखत्ता उ0नि0 गौरव जोशी, चौकी प्रभारी हल्दूचौड़ हे0कानि० त्रिलोक सिंह रौतेला, कोतवाली लालकुआं हे0कानि0 पूरन सिंह रायपा, कोतवाली लालकुआँ कानि0 गुरमेज सिंह, कोतवाली लालकुआं कानि0 चन्द्र शेखर, कोतवाली लालकुआं कानि0 कमल विष्ट, कोतवाली लालकुआं कानि0 जितेन्द्र सिंह विष्ट, कोतवाली लालकुआं कानि० संजय कुमार, कोतवाली लालकुआं कानि अनिल शर्मा शामिल रहे।

माइनिंग कंपनी के खिलाफ ट्रांसपोर्टरो ने खोला मोर्चा

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप गदरपुर के मिट्टी से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर आक्रोश जाहिर किया। बाजपुर से पहुंचे कुलविंदर सिंह किंदा ने भी ट्रांसपोर्टरों का समर्थन किया।उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को बाजपुर में माइनिंग कंपनी को हटाने के लिए उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया जाएगा। मंगलवार सुबह नगर के जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने माइनिंग कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बाजपुर से आए कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि समय रहते अगर कंपनी के कर्मचारियों पर अंकुश ना लगा आंदोलन किया जाएगा।सुनील शर्मा ने बताया कि मिट्टी ट्रांसपोर्टरो माइनिंग कंपनी से काफी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। सुनील शर्मा ने कहा कि पूर्व की भांति जिस तरह से मिट्टी की परमिशन तहसील स्तर से होती थी उसको लागू किया जाना चाहिए। असलम अली ने कहा कि माइनिंग कंपनी वालों ने मनमानी कर रखी है । तहसील स्तर से मिट्टी की परमिशन भी बंद है जिससे छोटा मिट्टी का कारोबार करने वाला व्यापारी भी परेशान है जिसको लेकर आम जनता में भी रोष है। उनके मकान के दौरान भरान आदि की भी दिक्कतें आ रही है। मिट्टी खुदान की परमिशन तहसील स्तर से होनी चाहिए। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में हरपाल कालोह, मुजफ्फर अली, शशि प्रीत सिंह (बबलू), गुरमीत सिंह, हरपाल सिंह संधू, मोहित शर्मा, अमृत घुम्मन, सोनू सिंह, अंग्रेज सिंह, गुरपाल कहलो, रुखसाद अली, सलीम अहमद आदि ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित खण्ड स्तरीय दो दिवसीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता आज अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कालेज में प्रारम्भ हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डा० राजेंद्र सिहं डॉयट रुद्रपुर, विशिष्ट अतिथि आमोद सक्सेना प्रधानाचार्य राइका चिकुटीदेवरिया, दयाशंकर पाण्डेय प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती देवी की फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके पुष्प अर्पित किये।प्रथम दिवस पर कार्यक्रम कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6 से 10 तक) में संस्कृत नाटकम्, संस्कृत समूह गानम् संस्कृत समूह नृत्यम्, संस्कृत वाद विवाद, संस्कृत आशुभाषनम् एवं श्लोकोच्चारणम् प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि ने संस्कृत छात्र प्रतियोगिता में आये हुए समस्त प्रतिभागियों को संस्कृत राजभाषा में कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण हेतु शुभकामना दी तथा संस्कृत के विकास में सबको आगे आने के लिए प्रेरित किया। आज लगभग 150 छात्र छात्राओं एवं लगभग 80 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कनिष्ठ एवं ज्येष्ठ वर्ग प्रतियोगिता का परिणाम कल 2 बजे दोपहर में प्रस्तुत किया जायेगा। खण्ड संयोजक नेपाल सिंह ने संस्कृत छात्र कार्यक्रम में अपना सर्वोत्तम प्रस्तुतीकरण देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संचालन शसुभाष चन्द्र मिश्रा प्रवत्ता ने एवं खंड सह संयोजक अंकित पाण्डेय ने कार्यक्रम व्यवस्था में योगदान किया। प्रधानाचार्य दयाशंकर पाण्डेय ने सभी आये हुए प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एनएल गंगवार प्राचार्य, गिरीश शर्मा, भरत साह, कमला पाण्डेय, मोती राम साहू, वीना पाठक, अर्चना गर्क्याल, राकेश श्रीवास्तव, रमिता श्रीवास्तव, कमलेश मिश्र, अनू सक्सेना, नीता पन्त, प्रदीप जोशी, डा कल्पना यादव, भगवती पान्डेय, हर्षिता भट्ट, निर्मला कनवाल, नीता गुप्ता, सुमित पाठक, राकेश कुमार, कमला यादव, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, इन्द्रा ग्वासकोटी, सुमित पन्त, राजपति बिन्द, आरपी सिहं, वीके गुप्ता आदि उपस्थित थे।

पर्यटकों के लिए खुला कार्बेट पार्क का बिजरानी जोन

रामनगर (उद संवाददाता)।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का बिजरानी जोन मंगलवार की सुबह पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। क्षेत्रीय विधायक और कॉर्बेट उपनिदेशक ने विधि विधान से गेट का शुभारंभ कर और हरी झंडी दिखाकर जिप्सी में सवार पर्यटकों को जंगल सफारी के लिए रवाना किया। सुबह 6 बजे क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ,डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने हरी झंडी दिखाकर पार्क में पर्यटकों की जिप्सीयों को रवाना किया। इस दौरान बिजरानी पर्यटन जोन के मानसून सत्र के बाद खुलने पर पहले दिन बिजरानी पर्यटन जोन में भ्रमण पर जा रहे पर्यटक काफी उत्साहित दिखे वहीं विदेशी पर्यटकों ने कहा कि वह काफी एक्साइटेड है। जंगल में बंगाल टाइगर को देखने के लिए, उसके साथ ही कॉर्बेट पार्क के जंगल व जैव विविधता को देखने के लिए भी यहां आए हैं, साथ ही पर्यटकों ने कहा कि वह पार्क की वाइल्ड लाइफ से रूबरू होना चाहते हैं इसीलिए वह कॉर्बेट पार्क में भ्रमण पर आए हैं ,इस दौरान पर्यटक काफी उत्साहित दिखे और पर्यटकों की पहली लालसा बंगाल टाइगर को देखने के दिखी। बता दें कि हर वर्ष मानसून बरसात का सीजन शुरू होते ही 30 जून को इस पर्यटन जोन को पर्यटकों की सुरक्षा के चलते बंद कर दिया जाता है ,इसके बाद इसको 15 अक्टूबर को पुनः डे सफारी के लिए खोल दिया जाता है, इसके साथ ही 15 नवंबर से विश्व प्रसिद्ध पार्क का सबसे प्रसिद्ध पर्यटन जोन ढिकाला जोन भी पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा, उसी दिन से पार्क के अलग–अलग पर्यटन जोनों में बने कक्षों में पर्यटक रात्रि विश्राम का भी लुफ्त उठा सकेंगे। जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि सभी जिप्सी चालक नेचर गाइड को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह जंगल के अंदर सभी गाइडलाइन का पालन करें, उसके साथ उन्होंने कहा कि पार्क का ढिकाला जोन को 15 नवंबर से शुरू किया जाएगा जिसको खोलने को लेकर भी तैयार गतिमान है।

लालकुआं और नैनीताल की जल जीवन मिशन योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

नैनीताल। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को नैनीताल क्लब सभागार में लालकुआं और नैनीताल की जल जीवन मिशन की प्रगति समीक्षा और सारा से संबंधित जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की। लालकुआं और नैनीताल की जल जीवन मिशन योजना के तहत उन्होंने फेज 1 और फेज 2 में हो रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फेज 1 की अवशेष 3 योजनाओं को शीघ्र क्लोज करने और फेस 2 के निर्माणाधीन कार्यों में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। जिसके लिए उन्होंने कार्यदाई संस्था और विभाग को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। लालकुआं की जेजेएम योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 54 योजनाओं के तहत कार्य चल रहा है। जिसमें 49 कार्य प्रगति में हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने हल्दूचौड़,सरना और अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों से दूरभाष के माध्यम से जेजेएम के तहत हो रहे कार्यों और गुणवत्ता के बारे में विभाग द्वारा

बताई गई प्रगति को वेरिफाई किया। नैनीताल जल संस्थान की जेजेएम की समीक्षा बैठक के दौरान ईई जल संस्थान रमेश सिंह गर्ब्याल ने बताया कि नैनीताल में कुल 236 योजनायें चल रही है, जिसमें 109 कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने 20 प्रतिशत से कम हुए कार्यों की जानकारी और लापरवाही करने पर ठेकेदारों का बांड निरस्त या अन्य कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के अनुबंध समाप्त नहीं करने पर संबंधित अधिशासी अभियंता का स्पष्टीकरण भी मांगा । साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जिले में भर में टीम बनाकर हर घर जल प्रमाणित करने के लिए ग्रामीण- शहरी इलाकों में खुली चौपाल या बैठक के माध्यम से सत्यापन कराने की बात कही। साथ ही जिन अभियंताओं के क्षेत्र में जेजेएम का कार्य धीमा चल रहा है और लंबे समय से एक जगह में तैनात अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करने को कहा। इसके बाद उन्होंने सारा से संबंधित जिला कार्यकारी समिति के संबंध में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने एक करोड़ लागत के होने वाले कार्यों की डीपीआर की समीक्षा की, जिसमें रैन वाटर हावेस्टिंग, अमृत सरोवर आदि डीपीआर को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, ईई जल संस्थान रमेश सिंह गर्ब्याल, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्र सरकार ने दी मेट्रोपोल होटल परिसर में पार्किंग बनाने की अनुमति

देहरादून(उद संवाददाता)। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्धारा मेट्रोपोल होटल परिसर, मल्लीताल, नैनीताल में खुले स्थान को सतही पार्किंग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह अनुमति व्यापक सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए अस्थायी और तदर्थ आधार पर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का आभार व्यक्त किया है। सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर नैनीताल स्थित मेट्रोपोल होटल परिसर, मल्लीताल, नैनीताल में खुले स्थान को पार्किंग के लिए राज्य सरकार को अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया था। एनओसी में यह स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था माननीय न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार होगी और शत्रु संपत्ति के निपटान या स्थायी हस्तांतरण के रूप में मान्य नहीं होगी। शत्रु संपत्ति पर किसी भी प्रकार की स्थायी संरचना बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार की नीति के अनुसार, पार्किंग स्थल के पट्टे से प्राप्त किराये की आय का 90% शत्रु संपत्ति अभिरक्षक को भेजा जाएगा। जो भारत की समेकित निधि का हिस्सा बनेगा। साथ ही गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि सतही पार्किंग के लिए बोली प्रक्रिया में गृह मंत्रालय और कस्टोडियन के प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। राज्य सरकार की नीति के अनुसार, पार्किंग स्थल को पट्टे पर देने से प्राप्त किराये की आय सबसे अधिक बोली लगाने वाले को दी जाएगी। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय से अनुमति मिलने के बाद इसका उपयोग पार्किंग के लिए हो सकेगा। पूरी संपत्ति पर पार्किंग बनी तो इसकी क्षमता डेढ़ हजार वाहनों से अधिक होगी।

गदरपुर में विशाल सत्संग 17 को

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड, रेडरोज कान्वेट रोड स्थित श्री श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम में 17 अक्टूबरको विशाल सत्संग का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कुरुक्षेत्र के संत अगम प्रकाशपुरी महाराज जी मधुर बाणी से सत्संग

के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगें और आशीर्वाद प्रदान करेंगें।जानकारी देते हुए कमेटी अध्यक्ष अशोक बजाज ने बताया कि सत्संग प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होगा। दोपहर 12 बजे नैनीताल के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भी सत्संग में पहुंचेगें और संत अगम प्रकाशपुरी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित कई भाजपा नेता भी मौजूद रहेंगे। गुंजन सुखीजा ने बताया कि जब हम सत्संग में बैठते हैं तो हमारी चेतना बदल जाती है, सकारात्मक हो जाती है। मन को भक्ति के वातावरण में डालते हैं तो हम भक्तिमय हो जाते है। लोभ लालच से बचकर भगवान को याद करने से मन को शांति मिलती है सभी को सत्संग में शामिल होना चाहिए। श्री बजाज ने बताया कि सत्संग के उपरान्त दोपहर करीब 1.00 बजे से विशाल लंगर भण्डारा भी होगा। उन्होंने क्षेत्र की समस्त श्रद्धालु जनता से समय से पहुंचने की अपील की है।

वन निगम के सिटी फॉरेस्ट का स्थलीय निरीक्षण किया

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार देर सायं नगर हल्द्वानी अंतर्गत वन निगम के सिटी फॉरेस्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी से वहॉ हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आगामी 15 नवंबर तक हर हाल में सभी सुधारीकरण एवं अन्य निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिटी फारेस्ट का लाभ यहां की जनता को बेहतर रूप से मिले। जन सामान्य को विशेष रूप से सीनियर सिटीजन को एक बेहतर पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर स्थान उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त पार्क का शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण भी किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान डीएफओ उमेश तिवारी उप जिला अधिकारी परितोष वर्मा, एसडीओ शशिदेव आदि उपस्थित थे। इसके प्रसाद पश्चात जिलाधिकारी ने रामपुर रोड स्थित एच एन इंटर कॉलेज में मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम की पूर्व तैयारी को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा इस संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां यथासमय पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री डॉ अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,सहित अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान,सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान जारी

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रविवार को शाम आदर्श कॉलोनी पहुंचकर निगम पार्षद प्रतिनिधि बाबू खान के आवास पर सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती शर्मा का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया । बाद में श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में महिलाओं को महिला कांग्रेस की अपनी सरकार बनाएगी, जिसके लिए महिलाओं को कांग्रेस के साथ जुड़ना चाहिए, उन्होंने कहा कि पूरे देश में महिलाएं कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रही हैं, उत्तराखंड में भी प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं, महिला कांग्रेस की सदस्यता ले रही हैं,जिनका वह दिल से आभार व्यक्त करती हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में नगर निगम पार्षद प्रतिनिधि बाबू खान, बंटी खान, जकी रजा, निगम पार्षद इलमा समरीन ,राणा सुमन, मीनू गंभीर, सुनीता कन्याल, अख्तर जहां, अंबर जहां, हिना, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी । कहा कि वह महिला कांग्रेस के साथ जुड़कर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि राज्य में 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ

भगवती जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नं. 23 रम्पुरा में महिला मंडली की ओर से आयोजित मां भगवती जागरण में श्रद्धालु भजनों पर पूरी रात झूमते रहे। इस दौरान भव्य झांकियों ने मन मोह लिया। जागरण का शुभारम्भ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधिवत दीप जलाकर किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आप पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों से आसुरी शक्तियों का भी नाश होता

है। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरीश कोली, कमलेश कोली, रेखा कोली ,मुन्नी देवी, चंद्रावती, विमल देवी ,माया देवी,भूरी ,कुसुम कोली,राजो देवी,पप्पू कोली, हरीश कोली,विवेक कोली, बंटी कोली आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखंड

हरिद्वार जेल से फरार कैदियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

हरिद्वार। जिला जेल से फरार दोनों कैदियों पर गढ़वाल रेंज के आईजी करण सिंह नगन्याल ने 50-50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। दोनों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बना व्यापक सर्च अभियान चलाया जा रहा है।गौरतलब है कि शुक्रवार रात को जेल में रामलीला हो रही थी। इस दौरान पंकज और रामकुमार दो सीढ़ियां बांधकर जेल की 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर भाग गए थे। इस मामले में प्रभारी जेल अधीक्षक समेत छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। बता दें कि मामले में जेल प्रबंधन ने इस हद तक लापरवाही बरती थी कि जिला पुलिस तक को सूचना कई घंटे बाद दी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

डम्पिंग स्थलों हेतु भूमि चिह्नित करें : मुख्य सचिव

सभी जिलाधिकारियों को निर्धारित डम्पिंग जोन में ही मलबे के निस्तारण के नियमों को सख्ती से पालन के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गत दिवस सचिवालय में मक डम्पिंग जोन के सम्बन्ध में बी.आर.ओ, एन.एच.आई. डी.सी.एल एवं पी.डब्ल्यू.डी के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गो में निर्माण के दौरान उत्सर्जित मलबे के निस्तारण हेतु पूर्व में चिन्हित मक डम्पिंग जोन के संतृप्त होने की दशा में उनके विस्तार की संभावनाओं के अध्ययन के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य सचिव ने मानसून के दौरान हुए भूस्खलन या राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण के दौरान उत्सर्जित मलबे के सुव्यवस्थित निस्तारण हेतु सभी जिलाधिकारियों को मक डम्पिंग स्थलों हेतु भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु एक सप्ताह की समयसीमा दी। सीएस ने जिलाधिकारियों को डम्पिंग स्थलों हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो पर प्राथमिकता से राजस्व भूमि चिह्नित करने तथा राजस्व भूमि की अनुपलब्धता की दशा में वन भूमि को चिह्नित करने के भी निर्देश दिए।सीएस ने मक डम्पिंग से सम्बन्धित एजेंसियों को निर्धारित डम्पिंग जोन में ही मलबे के निस्तारण के नियमों को सख्ती से पालन के निर्देश दिए। उन्होंने नियमों की अवहेलना करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने

संतृप्त डम्पिंग जोन को कम्प्रेस करने की संभावनाओं पर भी कार्य करने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को चिन्हित मक डम्पिंग स्थलों पर मलबे के जमा के होने के बाद उसके उपयोग को लेकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे डम्पिंग स्थलों पर ग्रीन पैच विकसित करते हुए बांस के पौधारोपण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा ऐसे स्थलों पर तेजी से विकसित होने वाले वृक्षों का रोपण किया जाएगा, जो भविष्य में क्रैश बैरियर के रूप में उपयोगी सिद्ध होंगे।सीएस ने मक डम्पिंग जोन की आवश्यकता के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग,बीआरओ तथा एनएचआईडी सीएल को अपनी रिपोर्ट के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों के साथ समन्वय तथा सयुंक्त निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने एजेंसियों को डम्पिंग के सम्बन्ध में अगले पांच वर्षो की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चिन्हित भूमि के प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए हैं। इस दौरान सचिव श्री पंकज कुमार पाण्डेय सहित लोक निर्माण विभाग, बी.आर.ओ, एन.एच. आई.डी.सी.एल एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, टिहरी मौजूद रहे।

छह महिने में खनन से 456.63 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुशल राजस्व प्रबंधन पर लगातार बल दिया जाता रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपखनिज खनन नियमावली में सरलीकरण किया गया है, जिसके बाद खनन से राजस्व वसूली के रिकॉर्ड टूटने लगे हैं। इन सुधारों से न केवल खनन उद्योग में पारदर्शिता आई है, बल्कि राजस्व में भी बड़ा योगदान हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले छह महीनों (अप्रैल-सितम्बर) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय ने 456.63 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष 2023-24 (माह अप्रैल-सितम्बर) की तुलना में 200.65 करोड़ अधिक है। यह वृद्धि 78 प्रतिशत के करीब है, जो राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2022-23 में निदेशालय ने 472.25 करोड़ की राजस्व प्राप्ति की। वहीं, वर्ष 2023-24 में 645.42 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया था। यह राशि गत वर्ष (2022-23) की तुलना में 173.17 करोड़ अधिक है, जो लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि है। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के निदेशक श्री राजपाल लेघा ने बताया कि इस सफलता का श्रेय राज्य सरकार की सरलीकरण नीति को जाता है। उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली के तहत ई-निविदा और ई-नीलामी के माध्यम से नये खनिज लॉटों का चिह्नितकरण और आवंटन किया गया। जिससे राजस्व में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए गए और ई-रवन्ना पोर्टल की उन्नत निगरानी की गई। खनन कार्य को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 45 माइन चेक गेट्स की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा स्टोन क्रेशर्स और स्क्रीनिंग प्लांट्स में उपखनिज की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है।

नाचे नाचे रे लांगुरिया मेरी मैया के दरबार..

वैष्णवी शक्तिपीठ में माता के भजनों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर), पूज्यनीय स्वर्ग फार्म फार्म वाली देवी जी के स्थान पर अष्टमी का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। बता दें प्रथम नवरात्रि के दिन माता जी गर्भ ग्रह में भंडारे का आयोजन हुआ जिसका प्रसाद सभी भक्तो ने ग्रहण किया। रात्रि 10 बजे जगदीश अरोड़ा व आशा अरोड़ा के परिवार ने पूजन के पश्चात ज्योति प्रचंड की और माता रानी का सुंदर गुणगान प्रारंभ हुआ जिसमे सर्वप्रथम माता रानी मनादे हां, मेरा किसे न पुछेया हाल मां , मैनू रखड़ी बंदन दा चाह एक वीर देदे दातिये आदि भजनों से सुंदर समा बांधा । इसके बाद हरिधाम मंदिर के महंत मनीष सलूजा ने मैं जब भी पुकारू मां, होली खेले महामाया भवन में , नाचे नाचे रानी का सुंदर इतिहास सुनाया व मां के पवन रूप के दर्शन भक्तो ने किए, जिसके बाद आरती के साथ मां जी के अष्टमी के उत्सव को विराम दिया गया। इस अवसर पर आनंदपुर कुटिया की बाई जी ,महंत मनीष सलूजा ,राजकुमार ठुकराल ,संजय ठुकराल , ताराचंद , श्याम खुराना , सतनाम सिंह , राजेश आनंद , राजीव ग्रोवर, अंकित काके, अरविंद मिश्रा , लक्ष्य शर्मा, सुनीता अरोरा , कंचन , निशा आदि लोग जिसमे दिल्ली , काशीपुर, मुरादाबाद, किच्छा आदि स्थानों से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

तपस्या के लिए प्रस्थान करती है और फिर अष्टमी के दिन बाहर आकर संगत को दर्शन देती है। अष्टमी की प्रात: भक्तों ने कीर्तन कर मां का आह्वान किया और फिर स्वर्ग फार्म वाली माता जी ने दिन में 12 बजे संगत को दर्शन दिए। तत्पश्चात हवन हुआ और विशाल मां भगवती के का आह्वान किया गया , तत्पश्चात गणेश स्तुति, गुरु वंदना , फूलो की वर्षा के साथ भजनों का सिलसला शुरू हुआ जिसमे मुरादाबाद से आए भजन सम्राट राजेंद्र चावला 'पप्पू चंचल' ने सुंदर गुणगान किया जिसमें मेहरा वालिए माए बुहे मंदिरा दे खोल, तेरा लख-लख शुक्र रे लांगुरिया मेरी मैया के दरबार , साथ में तुलसीधाम से पहुंचे भगत खुराना ने हार मोतिया के , भक्त रमेश ने माए नि तू सुन माए से अपनी हाजरी लगाई । इसके बाद भी अनेक भक्तो ने अपनी हाजरी लगाई। प्रात: 4:30 बजे भगत श्याम जी खुराना व वैष्णो भजन मंडल के भक्तो ने तारा

21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा संजय कॉलोनी वार्ड नंबर 7 बाजपुर में आयोजित 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन हुआ। ट्रेनिंग में लगभग 30 से 40 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिन्हें मुख्य अतिथि वार्ड नं. सात के पूर्व सभासद सुशील वर्मा ने प्रमाण पत्र वितरित किये। संस्था के सचिव उमेश कुमार ने समस्त महिलाओं को जिला उद्योग केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अपनी आजीविका को बढ़ाने के लिए महिलायें बढ़चढ़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम इंद्रजीत सिंह, शशि बाला, हरजीत कौर, सुरजीत कौर, मास्टर ट्रेनर रेनू सिंह,पूनम चौधरी, सानिया सैफी, रजनी देवी, गीतांजलि सलोनी, ममता बंसल, निर्मला गोड़, सीमा, नीतू देवी, पूजा, शालू, वर्षा सक्सैना, दीपा, जशोदा शर्मा, सुषमा यादव, निशा, सरिता, सरणजीत कौर, हरजीत कौर, किरनदीप कौर, रानी, वैशाली, गीता देवी, नीरज, गुंजन पवार, रेनू सिंह, अफसाना, निजम, जैबा सैफी, हिना सैफी, सृष्टि पाल, अनीता सिंह, आदि मौजूद थे।

अमर्यादित धार्मिक टिप्पणी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड व हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मौलाना जाहिद रजा रिजवी व शहर इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती दानिश मिस्बाही के नेतृत्व में शहर की मस्जिदों के इमामों व बुद्धिजीवियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि गत वर्षों से इस देश के अन्दर कुराने पाक की बेहुरमती व नबी ए अकरम रहमते आलम की शान में गुस्ताखी मस्जिदों और मजारों को शहीद करने का सिलसिला, लव जिहाद, लैण्ड जिहाद और गौ रक्षा के नाम पर मुसलमानों की हत्याओं का सिलसिला जारी है। मुसलमान ये सारी चीजे बर्दाश्त कर रहा है। लेकिन हाल ही में गाजियाबाद के डासना मन्दिर के पुजारी यति नरसिंहानन्द सरस्वती के द्वारा सस्ती शोहरत हासिल करने के लिये पैगम्बर ए इस्लाम रहमते आलम स0अ0व0 की शान में की गयी गुस्ताखी इन्तहाई शर्मनाक व निन्दनीय और नाकाबिले बर्दाश्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस बद जुबानी की वजह से पूरे देश के मुसलमानों में गमो गुस्सा और रोष पाया जा रहा है। मुसलमान अपने नबी से अपनी औलाद, बीवी बच्चों ,माल दौलत और अपनी जान से ज्यादा मोहब्बत करता है वो सबकुछ बर्दाश्त कर सकता है मगर अपने नबी की शान में अदना सी भी गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं कर सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि हमारे देश का संविधान सर्वप्रिय है और सबके लिये एक है। ये खूबसूरत मुल्क कौमी एकता और भाईचारगी का गुलदस्ता है, इस मुल्क में तमाम धर्म और मजहबों के लोग आपस में प्यार-मोहब्बत से रहते हैं। इस्लाम सब धर्मों के सम्मान का हुक्म देता है। आज तक किसी मुसलमान ने किसी मजहब के पेशवा और देवी देवताओं के विरूद्ध इस तरह की बेहूदा और घिनौनी टिप्पणी नहीं की है। यतिनरसिंहानन्द के द्वारा दिया गया ये घिनौना बयान मुल्क की अम्न-ओ-शान्ति और भाईचारगी को तोड़ने वाला बयान है। इस तरह के बयानों से गंगा-जमुनी तहजीब को ठेस पहुंची है और पूरी दुनिया के मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति और केन्द्र सरकार से मांग की गयी है कि- यतिनरसिंहानन्द और उसके जैसे अन्य जिन्होने इस तरह से इस्लाम और पैगम्बरे इस्लाम के बारे में बदजुबानी की है सबके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाये और इनपर एन0एस0ए0 लगाकर जेल की सलाखों में डाला जाए। साथ ही केन्द्र सरकार से मुतालबा किया गया है कि- सरकार इस तरह का संसद में एक कानून पास करे कि किसी धर्म का मानने वाला किसी भी धर्म के देवी देवताओं और पेशवाओं के खिलाफ इस तरह की बकवास न करे। अगर कोई ऐसा करता है तो उस कानून के मुताबिक सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जा सके। इसके आलावा मशहूर इस्लामी स्कॉलर मौलाना सलमान अजहरी जो गत एक साल स गुजरात की जेल में बेकुसूर बन्द हैं जिन्होने किसी धर्म या उसके किसी पेशवा के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की थी बिना किसी ठोस कारण के गिरफ्तार किया गया है उन्हें शीघ्र ही रिहा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मौलाना जाहिद रजा रिजवी,मुफ्ती दानिश मिस्बाही, मुफ्ती सईदुर्रहमान, मुफ्ती मन्नान मरकजी,अय्यूब खान, मौलान फुरकान खान, हाफिज तसव्वुर नूरी, फरमान अली,फरीद मसूंरी, मुजीब मिस्बाही, दानिश मियां, मो0 इमरान, लियाकत अंसारी,नासिर खान के अलावा विभिन्न मस्जिदों के इमाम एवं उल्मा तथा मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

कैंप कार्यालय में सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंप कार्यालय में स्थानीय जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अपने अधीनस्थों को जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए आदेशित किया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सीएम धामी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, मुख्यमंत्री से मिलने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी नगर अध्यक्ष जीवनदमी नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जगदीश प्रसाद गोयल, दिनेश अग्रवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल, भास्कर जोशी, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विमल मंडेला, नीलू गुप्ता, चकरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी, वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट, कामिल खान, तारिक मलिक आदि उपस्थित थे।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान और संघर्षील अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने जिला मुख्यालय रुद्रपुर पहुंचकर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा द्वारा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए डिजिटल सदस्यता अभियान में शामिल होकर दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाई । इससे पूर्व कांग्रेस नेता और नगर निगम के मेयर प्रत्याशी रहे सुनील आर्य और महिला कांग्रेस नेत्री सुनीता सैनी सोनी,के आवास पर महिला कांग्रेस की आयोजित एक बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का अभूतपूर्व स्वागत किया गया, इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं ने सुनीता आर्य सोनी, के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा का फूलमालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर तथा शाल ओड़ाकर उनका स्वागत किया गया, बाद में प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई, कार्यक्रम का संचालन महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,द्वारा किया गया । इस अवसर पर नगर निगम पार्षद प्रीति साना,सहित ममता शर्मा सरला ठाकुर,बकुल साना, मंजू जैन,पूनम गुप्ता,संगीता मंडल, भारती आर्य, अनमोल आर्य,निशा आर्य, रमा बिष्ट, सरिता आर्या, पुष्पा देवी, विमला आर्य, चंद्रेश कुमारी, गीता, प्रेमलता, मुन्नी, सरोज,लता शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी ।

ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर बताया हाथ धोने का महत्व

गदरपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम द्वारा राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर में ग्लोबल हैंड वाशिंग डे मनाया गया। डॉ विकास सचान द्वारा बताया गया कि ग्लोबल हैंडवाशिंग डे हर साल 15 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों में हाथ धोने की आदत डालना और बीमारियों से बचाना है। ग्लोबल हैंड वाशिंग पार्टनरशिप ने इसकी शुरुआत की थी। साल 2008 में पहली बार ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाया गया था। तब दुनिया के 70 से ज्यादा देशों में 12 करोड़ से ज्यादा बच्चों ने साबुन और पानी से हाथ धोए थे। डॉ विकास सचान चिकित्सा अधिकारी आरबीएसके द्वारा बताया गया कि हाथ धोना जरूरी है, क्योंकि कई तरह के रोगाणु बीमारियों का कारण बनते हैं। ये रोगाणु खांसने, छींकने, बाथरूम का इस्तेमाल करने, और खाना बनाने के बाद फैल सकते हैं। हाथ धोने से कई तरह की बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। आरबीएसके की महिला चिकित्सक डॉ रेखा रानी द्वारा उपस्थित बच्चों को हैंड वॉशिंग के विभिन्न चरणों के बारे में बताया गया। श्रीमती राधा मिगलानी आरकेएसके (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) की काउंसलर द्वारा हैंड वॉशिंग का प्रस्तुतीकरण बच्चों के सम्मुख किया गया। डॉ रेखा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष डब्ल्यू एचओ द्वारा 2024 के लिए नारा दिया गया है कि हाथ की स्वच्छता के बारे में जानकारी साझा करना अभी भी इतना महत्वपूर्ण क्यों है? क्योंकि यह स्वास्थ्य सेवा में हानिकारक कीटाणुओं के प्रसार को रोकने में मदद करता है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती उमा उपाध्याय, श्रीमती मिथिलेश सिंह, श्रीमती भावना पांडे एवं श्रीमती सुनीता बिश्नोई एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दुर्गा मंदिर में खीर का प्रसाद वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दुर्गा मंदिर में दुर्गा यात्रा समिति द्वारा 33 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा के सम्पूर्ण होने पर सवा कुन्तल खीर का प्रसाद वितरित किया गया। सर्वप्रथम पण्डित नवीन शास्त्री ओर महन्त राजीव ठक्कर द्वारा माँ दुर्गा ओर सभी देवताओं को खीर का भोग लगाया गया, फिर सभी आम जन मानस में खीर का प्रसाद बांटा गया। प्रसाद वितरण में संयोजक वेद ठुकराल,पवन गाबा पल्ली,सूरज नारंग काका, हरीश ठुकराल ,राजू अरोरा ,गुरशरण बब्बर,किशन सुखीजा,देवेंद्र कुकरेती, विक्की कक्कड़,अंशु कक्कड़,डॉ टेकचंद डोगरा,सुभाष डोगरा आदि लोग मौजूदथे।

उड़द का एक्सपायर बीज देने पर किसानों में रोष

गदरपुर। सकेनिया क्षेत्र के ग्राम झुन्नी मजरा में लगभग 70 एकड़ जमीन में उड़द का बीज लगाया गया था जिसके ना पनपने से किसानों में रोष है किसानों ने गदरपुर और सकेनिया के एक दुकानदार पर एक्सपायर बीज देने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झुन्नी मजरा में सोमवार को तराई किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसान एकत्रित हुए और किसानों के खेत में जाकर मौका मुआयना किया जहां पर देखा तो अंदाजा लगाया कि किसानों का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने सकेनिया और गदरपुर के एक व्यापारी पर उड़द का एक्सपायर बीज देने का आरोप लगाया बलविंदर सिंह ने बताया कि लगभग 20 लोगों की 70 एकड़ से अधिक जमीन पर उड़द का बीज लगाया गया था जिस पर ना तो फूल आया और ना ही फली आई। दुकानदार ने किसानों के साथ ठगी की है अगर दुकानदार इन किसानों की भरपाई नहीं कर पता है तो उच्च अधिकारियों को शिकायत करेंगे । झुनी मजरा के समाज सेवी अमन कंबोज ने बताया कि वह हर तरह से किसानों के साथ हैं किसान देश का अन्नदाता है अगर इनके साथ ठगी हुई है तो यह निंदनीय है व्यापारियों को किसानों के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। इस दौरान किसान अमरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरमीत सिंह, सतपाल सिंह, काला सिंह, प्रीतम सिंह, मक्खन सिंह, गुरदीप सिंह, बहादुर सिंह, जांगीर सिंह, पहलवान सिंह, बलविंदर सिंह, अमरीक सिंह,जीत सिंह, खजाना सिंह, सतनाम सिंह, कृष्ण लाल ,रमेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

महिलाओं को सम्मोहित कर जेवर लूटने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सदस्य दबोचे

खटीमा(उद संवाददाता)। महिलाओं को सम्मोहित कर आभूषण लूटने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गये आभूषण भी बरामद

महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान और यूपी में भी कई घटनाओं को दे चुके थे अंजाम

किये हैं। पकड़े गये आरोपी दो-तीन दिनों से भूखे होने तथा घर जाने के लिए टिकट के पैसे न होने की बात कहकर भोली-भाली महिलाओं के साथ ठगी करते थे। पकड़े गये आरोपी महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान तथा यूपी मे भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 05 सितम्बर 2024 को एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 4 सितम्बर को समय दोपहर 12 बजे तीन अज्ञात लोग उसे सम्मोहित कर मंगल सूत्र तथा कान के टॉप्स ले गये। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया और घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया। साथ ही एसओजी एवं सर्विलांस टीम की मदद ली गयी। पुलिस टीम ने कोतवाली खटीमा क्षेत्र ,थाना नानकमत्ता क्षेत्र, कोतवाली सितारगंज क्षेत्र तथा जिला पीलीभीत, बरेली उ0प्र0 के करीब 150 से अधिक सीसी टीवी कैमरों का अवलोकन किया । जिसके बाद पुलिस ने चकरपुर रेलवे स्टेशन के पास से चार संदिग्ध हरीश उर्फ कालिया वर्ष पुत्र विष्णु उर्फ रामा निवासी रघुवीर नगर थाना ख्याला दिल्ली वैस्ट, रवि राठौर पुत्र प्रहलाद उर्फ पेडू निवासी रघुवीर नगर थाना ख्याला दिल्ली वैस्ट,भीम सोलंकी उर्फ भीमा वर्ष पुत्र हरी सोलंकी निवासी रघुवीर नगर थाना ख्याला दिल्ली वैस्ट एवं अमन वर्ष पुत्र राजू ठाकुर निवासी विष्णु गार्डन झुग्गी नम्बर-202 थाना ख्याला दिल्ली वैस्ट को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से ठगे गये आभूषण भी बरामद किये गये। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि हम लोग कपड़े मे कागज तथा गत्ते को पाँच सौ रुपए के नोटों के बराबर की गड्डी मोड़कर रख देते है, तथा गड्डी के ऊपर एक पाँच सौ रुपए का नोट रख देते हैं, जो बाहर से देखने पर एकदम नोटों की गड्डी जैसे लगती है। फिर इसी गड्डी का लालच देकर भोली-भाली महिलाओं के साथ ठगी करते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी ने दो हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा की है।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

साम्प्रदायिक हिंसा पर अंकुश

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भड़की हिंसा ने एक बार फिर कुछ सवाल गाढ़े कर दिए हैं। मूर्ति विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा पर पथराव और फिर उपद्रवी संघर्ष में गोली लगने से एक युवक की मौत के बाद वहां सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि उपद्रवी भीड़ पर काबू पा लिया और आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मगर इस घटना से पूरे प्रदेश और देश के दूसरे हिस्सों में जो सांप्रदायिक विद्वेष की जड़ें थोड़ी और गहरे धंस गई हैं, उसे उखाड़ना इतना आसान नहीं होगा। ऐसी हर घटना के बाद यह सवाल उठता है कि आखिर हमारा समाज धार्मिक रूप से इतना असहिष्णु कैसे और क्यों हो गया है। क्यों कुछ लोगों को हिंसा में आनंद मिलने लगा है। बहराइच की घटना न तो अकेली है और न नई। अब तो शायद ही कोई पर्व-त्योहार ऐसा गुजरता है, जो बिना हिंसा के संपन्न हो जाता हो। यह विचित्र संयोग है कि अक्सर शोभायात्राओं पर पथराव की घटना हो जाती है। उन सबकी प्रकृति लगभग एक होती है। पहले तेज ध्वनि में संगीत बजाने पर एतराज जताया जाता है, फिर पत्थर फेंका जाता है और संघर्ष होता है। इसमें कोई न कोई मारा जाता और कुछ घायल हो जाते हैं। फिर प्रशासन सख्ती दिखाता है। कायदे से धार्मिक आयोजनों, शोभायात्राओं के बारे में पुलिस को सूचित करना जरूरी होता है और आयोजन की रूपरेखा बतानी और उसके लिए अनुमति लेनी होती है। मगर कम ही आयोजक इस कायदे का पालन करते देखे जाते हैं। जो पालन करते भी हैं, वे अक्सर मनमानी करते पाए जाते हैं। हनुमान जयंती पर दिल्ली में निकली शोभायात्रा के दौरान या फिर हरियाणा के नूंह में कलशयात्रा के समय भड़की हिंसा के पीछे भी लगभग यही कारण बताए गए थे। करीब साल भर पहले मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में भी ऐसे ही उपद्रव देखे गए। मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा जैसे आयोजन लोगों की आस्था से जुड़े विषय हैं। दूसरी आस्था के लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरे धर्मों के लोगों की आस्था का भी सम्मान करें, मगर इसका अभाव लगातार बढ़ता देखा जा रहा है। फिर, सवाल यह भी है कि आस्था का यह अर्थ कबसे हो गया कि दूसरों की सुविधा-असुविधा का खयाल किए बगैर उसका प्रदर्शन किया जाए। बहराइच में अगर मामला तेज आवाज में संगीत बजाने से बिगड़ा, तो सवाल यह भी है कि वहां अगर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने पर रोक है, तो फिर शोभायात्रा में इस बात का ध्यान रखना क्यों जरूरी नहीं समझा जाता। इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों से जब आस्था का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिशें तेज हुई हैं, तबसे उपद्रव और हिंसक संघर्ष अधिक बढ़े हैं।

सभी क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता के मानक लागू हों : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र नींबूवाला, गढ़ी कैण्ट में "विश्व मानक दिवस" के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज हम एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर रहे हैं, जो हमारे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के साथ-साथ भारतीय उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर शीर्ष स्थान प्रदान कराने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोई भी मानक केवल तकनीकी दिशा-निर्देश या मापदंड नहीं होते, बल्कि वे हमारे देश के विकास और आत्मनिर्भरता की बुनियाद होते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानक हमारे उद्योगों, व्यापार और सेवाओं के प्रमाणीकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल हमारे कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को भी किसी न किसी रूप में प्रभावित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में मानकों के इकोसिस्टम का व्यापक विस्तार हुआ है। जो अब कृषि, सड़क परिवहन, स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं सहित लगभग सभी क्षेत्रों को समाहित करता है। सभी क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता के मानक लागू हों। जिससे हमारे जीवन स्तर में सुधार हो और अर्थव्यवस्था को भी

मजबूती मिल सके। मानक ये सुनिश्चित करते हैं कि भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल सके और उनकी विश्वसनीयता बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "आत्मनिर्भर भारत" का सपना साकार हो रहा है और इसमें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब हम अपने उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करते हैं, तो हम न केवल उनकी गुणवत्ता को बढ़ाते हैं, बल्कि अपने उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए भी सशक्त आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि भारतीय उत्पाद अपनी गुणवत्ता, नवाचार और विश्वसनीयता के लिए पूरे विश्व में एक मिसाल स्थापित करें। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 22 हजार से अधिक मानक निर्धारित किए गए हैं। इसलिए हमारे राज्य में मानकों का पालन करने की अत्यधिक आवश्यकता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपने पारंपरिक उत्पादों, जैसे हस्तशिल्प, जैविक कृषि उत्पाद, औषधीय जड़ी-बूटियाँ और अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए भी उच्च मानक स्थापित करें। इससे हमारे उत्पादों की पहचान न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी बल्कि वैश्विक स्तर पर भी हमारी ब्रांडिंग मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने "हाउस ऑफ हिमालयाज" नाम से अम्ब्रेला ब्रांड की स्थापना की है, जो हमारे स्थानीय उत्पादों को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों से अपेक्षा की कि इन ब्रांड के मानकों का भी मापन हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के विश्व मानक दिवस की थीम एसडीजी-9 है, जो उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे से संबंधित है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों पीडब्ल्यूडी, एमडीडीए, यूपीसीएल और आपदा प्रबंधन विभाग के साथ समन्वय करते हुए भारतीय मानक ब्यूरो ने इन सभी को मानकीकरण की दिशा में जागरूक और सशक्त किया है। यह पहल इन विभागों के कार्यों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगी। भारतीय मानक ब्यूरो ने देश भर के दस हजार से अधिक स्कूलों में स्टेंडर्ड क्लब स्थापित किए हैं, जिनके माध्यम से बच्चों में मानकों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर तक मानकों के महत्व को पहुंचाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों की सराहना की।कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि जीवन के किसी भी कार्यक्षेत्र में सफलता पाने के लिए भी मानक बनाने जरूरी हैं। इसी तरह भारतीय मानक ब्यूरो भी विभिन्न वस्तुओं और उत्पादों के मानकों का निर्धारण करता है। इस अवसर पर सचिव एवं आयुक्त खाद्य श्री हरि चन्द्र सेमवाल, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं संयुक्त निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो श्री श्याम कुमार उपस्थित थे।

पूर्व सीएम हरदा ने बढ़ाया पत्रकार योगेश डिमरी का हौसला

हमारी कुटिया में मेरी कुशलक्षेम पूछने आए थे हरदा : योगेश

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने ऋषिकेश में पिछले दिनों लाईव रिपोर्टिंग के दौरान एक कथित शराब माफिया के जानलेवा हमले में बुरी तरह से घायल हुए आंवला न्यूज के पत्रकार योगेश डिमरी की कुशल छेम पूछी और उनके संघर्ष को अपना समर्थन देते हुए शॉल ओड़कर सम्मानित कर उनका हौसला भी बढ़ाया है। पूर्व सीएम ने कहा है कि राज्य में व्याप्त नशे के गोरखधंधे में लिप्त माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों का दमन बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। पुलिस प्रशासन को ऐसे संवेदशील मामले में तत्परता से कार्यवाही करनी चाहिये। सोशल मीडिया पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने हमले में घायल योगेश डिमरी से मुलाकात करते हुए कुछ तस्वीरें साझा की है। जिसमं उन्होंने कहा है कि मैं अपने ऋषिकेश नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री राकेश मिया और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री जयेन्द्र रमोला तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री दीप शर्मा जी, जिला कांग्रेस के साथियों के साथ श्री योगेश डिमरी जो सोशल एक्टिविस्ट हैं, पत्रकार हैं और शराब व नशे के खिलाफ इन्होंने एक मुहिम चला रखी थी लोगों को जागृत करने के लिए और जहां इस तरीके की बिक्री होती थी वहां जाकर के उसका समाचार बनाकर के पुलिस तक पहुंचाना ताकि इस तरीके से शराब व नशे की बिक्री करने वाले लोग हतोत्साहित हों और जो ऋषिकेश क्षेत्र नशे की गिरफ्त में आ गया है उसको बचाया जा सके। इनको धोखे से ट्रैप करके एक जगह बुलाया गया और वहां इनको मारने के इरादे से इनकी पिटाई प्रारंभ की गई है जिसमें इनका जबड़ा टूट गया, पांव टूट गया और शरीर में अन्य जगह चोटें लगी हैं। यह गंभीर रूप से घायल हुए, किसी प्रकार से जान बची है। एक माह बाद भी बिस्तर में पड़े हुए हैं तो मैं अपने साथियों के साथ इनके साहस और सामाजिक कार्य के लिए, इनके समर्पण के लिए इनके पास भेंट करने आया। मैं इनके साहस की भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूं और समाज को ऐसे ही लोगों की आवश्यकता है, नहीं तो हम नशाखोरी के गर्त में ऐसे फंस जाएंगे पूरे उत्तराखंड में यह राज्य बर्बाद हो जाएगा। मैं डिमरी साहब को उनके साहस के लिए धन्यवाद देता हूं और भगवान को भी धन्यवाद देता हूं कि उनकी जान बच गई। ऐसे लोग समाज की निधि हैं। उत्तराखंड की धर्मनगरी ऋषिकेश में अवैध शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ने का साहस करने वाले पत्र योगेश डिमरी एम्स ऋषिकेश से डिस्चार्ज होकर अपने घर लौट आये है। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान भी उनकी कुशलछेम पूछने के लिए राज्य के कई दिग्गज नेताओं ने मुलाकात की थी।वहीं पूर्व सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, महेंद्र भट्ट, प्रेमचंद्र अग्रवाल, गणेश गोदियाल सहित कई अन्य नेताओं ने योगेश का हौसला बढ़ाया। वहीं अब पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी घायल पत्रकार योगेश डिमरी से मुलाकात कर उनके संघर्ष की सराहना की है। ऋषिकेश में अवैध शराब में लिप्त माफियाओं के खिलाफ सोशल मीडिया के जरिये समाज को सही दिशा दिखाने का प्रयास करते हुए अपनी जान की बाजी लगाने वाले योगेश डिमरी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे है। वहीं योगेश डिमरी ने पूर्व सीएम हरदा से हुई भेंट पर एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने कहा कि साथियों नमस्कार आज राजनीति में जमीन से जुड़े हुए और सत्ता व्यवस्था की नींव तक की परख रखने वाले हमारे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्र में भी केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले हरदा मतलब हरीश रावत हमारी कुटिया में मेरी कुशलक्षेम पूछने आए थे। मारपीट की घटना के तुरन्त बाद हरदा के सुपुत्र वीरेंद्र रावत जी तो एम्स में मिलने आ ही गए थे। आज उनके साथ ऋषिकेश की कांग्रेस टीम भी थी जिसमें पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा भाई, विधानसभा प्रत्याशी रहे जयेंद्र रमोला भाई, महानगर अध्यक्ष राकेश मियां भाई और उनके साथ गणमान्य भी आये थे। सबसे पहले उन्होंने शॉल उड़ाकर मेरा सम्मान किया उसके बाद हमारे द्वारा अवैध नशा तस्करों की खबरों को और मारपीट की घटना को ध्यान से सुना फिर उन्होंने अपना संदेश भी रिकॉर्ड किया। उनके इस प्रेम और सद्भावना से लगा कि अब राज्य में अवैध नशे, जिससे हमारी पीडियाँ बर्बाद हो रही है उसके लिए विपक्ष आगे आने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा मैं अपने पूर्व मुख्यमंत्री से ये भी कहना चाहुंगा कि ऋषिकेश पुलिस पुनः शराब तस्करी करवाने हेतु प्रयास में लगी है क्योंकि इन्होंने हमारी टीम पर दबाव डालने के लिए हमारे एक साथी अरविंद हटवाल को फर्जी केस में जेल डलवा दिया है। वहीं नशा तस्करों और मुझसे मारपीट करने वाले बाकि आरोपियों पर हल्का हाथ रखा हुआ है। जाते जाते हरदा ने अपना आशीर्वाद बच्चों और परिवार को भी दिया। धन्यवाद हरदा।

मुख्यमंत्री पोर्टल में भी होती हैं झूठी शिकायतें?

शिकायतकर्ता के खिलाफ क्यों नहीं होती करवाई

-हिमांशु वार्ष्णेय-

हल्द्वानी। राज्य सरकार द्वारा समाज में रह रहे पीड़ित व्यक्तियों की सुनवाई के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल की नींव रखी थी। जिसका उद्देश्य यह था कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति सीधे अपनी शिकायत राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर न्याय हासिल कर सके। ऐसे लोग जिनको स्थानीय प्रशासन से न्याय नहीं मिल पाता है वह लोग मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से अपनी सीधे शिकायत मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए अपनी शिकायत दर्ज करा कर न्याय पा सकता है। लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में इसके विपरीत भी परिणाम देखने को मिले हैं। जहां इन सुविधाओं से कई लोगों को न्याय भी मिला है। वहीं कई लोग मुख्यमंत्री पोर्टल में झूठी शिकायत भी दर्ज करा रहे हैं। पूर्व में भी कई बार ऐसा हुआ है। कई लोग अपनी रंजिश के तहत किसी के भी खिलाफ झूठी शिकायत कर देते हैं। वहीं कई लोग शक के दायरे में भी किसी के भी खिलाफ झूठी शिकायत कर देते हैं। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि शिकायतकर्ता फर्जी नंबर से भी किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति के खिलाफ झूठी शिकायत कर देते हैं और जांच कर रहे अधिकारी उस शिकायत कर्ता का पता लगाने में उलझे रहते हैं। कई बार तो ऐसा भी देखने को मिला है कि शिकायतकर्ता किसी भी सरकारी अफसर के खिलाफ अपनी मांगे ना पूरी होने पर जिम्मेदार अधिकारी को भ्रष्ट बताकर उसके भी खिलाफ झूठी शिकायत कर देते हैं। क्या राज्य सरकार को किसी भी शिकायत की जांच करने से पहले उस शिकायत कर्ता की भी पूरी जांच करना अनिवार्य नहीं कर देना चाहिए। उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में कई बार ऐसे भी मामले आए हैं कोई भी व्यक्ति रंजिशन किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी झूठी शिकायत कर देते हैं। क्यों नहीं ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का प्रावधान लागू किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री पोर्टल में किसी भी शिकायत की जांच करने से पहले शिकायतकर्ता की भी जांच किया जाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। अगर शिकायत झूठी मिलती है तो झूठी शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। झूठी शिकायतकर्ताओ की ऐसी हरकतों से समाज में सही मायने में पीड़ित व्यक्ति को भी न्याय नहीं मिल पाता है। भविष्य में शिकायतकर्ता से शिकायतपत्र में आधार कार्ड संख्या अंकित करवाना बेहतर साबित हो सकता है।

चाय में थूकने वाले, यह जिहादी नहीं हैं,यह पागल हैं !

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पूर्व सीएम के अनुसार रसोई बनाते वक्त रोटी पर थूकने वाले, चाय बनाते वक्त सर्व करने से पहले चाय में थूकने वाले, यह जिहादी नहीं हैं जैसा मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं। थूक जिहाद, यह पागल हैं, यह मानसिक रूप से रोगी हैं, ऐसे रोगियों का एक ही स्थान है, जहां ऐसे मानसिक रुग्ण हमारे भाई रखे जाते हैं बल्कि यह उनके साथ रखने काबिल भी नहीं हैं। वह तो श्रद्धा और दया के पात्र हैं। यह तो घृणा के पात्र हैं। इनको तो जेल की किसी ऐसी कोठरी में रखा जाना चाहिए जहां इनकी सारी मानसिकता और मानसिक रुग्णता ठीक हो जाए। भाजपा के लोग आजकल हर बात के लिए जिहाद शब्द का उपयोग करते हैं। जिहाद तो एक बड़े परिवर्तन का द्योतक होता है और परिवर्तन, सकारात्मक सोच का परिवर्तन ही जिहाद है, के लिए जिहाद शब्द का उपयोग किया जा सकता है। पागलों, मानसिक रूप से रूग्ण लोगों, किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों, कहीं झांसा देकर के किसी की लड़की भगाने वाले लोगों को जिहादी कहकर उनका भाव मत बढ़ाइये और जब मुख्यमंत्री पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे लोगों को जिहादी कहेंगे तो थोड़ा चुभता है।

पुराने स्वरूप में लौटने लगा संजय गांधी पार्क

किच्छा(उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी एवं नगर पालिका परिषद के प्रशासक कौस्तुभ मिश्र द्वारा संजय गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु किए गए प्रयासों के तहत संजय गांधी पार्क अपने पुराने स्वरूप में लौटने के लिए तैयार होता जा रहा है।जिसकी संजय गांधी पार्क के आसपास के व्यवसाईयों सहित तमाम सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों के द्वारा प्रशंसा की जा रही है इसके अलावा संजय गांधी के पार्क से लगी टाइल रोड को भी पक्का करके एक रास्ता भी वाहनों की आवाजाही के लिए खुल जाएगा। गौरतलब है कि संजय विचार मंच द्वारा संजय गांधी की स्मृति में आज से 3 दशक पूर्व नगर में संजय गांधी पार्क का निर्माण करवाया गया था तथा यह सरकार द्वारा किया गया था किंतु समय के थपेड़ों में संजय गांधी पार्क का अस्तित्व ही मिटा दिया था। यही नहीं किसी भी सामाजिक राजनीतिक एवं संजय गांधी की विचारधारा से जुड़े हुए लोगों द्वारा कोई सुध नहीं ली गई थी बल्कि संजय गांधी पार्क के रूप को ही बदल दिया गया था जिसकी सुध वर्तमान नगर पालिका प्रशासक एवं उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा ली गई तथा संजय गांधी पार्क को पुन: उसके पुराने स्वरूप में बदलने के लिए प्रयास किया गया जो कि अब धरातल पर आ चुका है। संजय गांधी पार्क में पुराने फब्बारे को भी दुरुस्त कर चारों ओर लाइटिंग लगाते हुए पार्क में हरे भरे सुंदर वृक्ष लगाने के अलावा लोगों के बैठने हेतु भी व्यवस्था की जा रही है इसके अलावा पार्क के लगते हिस्से पर पार्किंग जोन बना दिया गया है। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ में कहा है कि पार्क को सुंदर भव्य रूप दिया जाएगा ताकि पार्क में लोग आनंद उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि क्योंकि उक्त भूखंड पूर्व में सरकार द्वारा पार्क के लिए ही रखा गया था तथा पार्क ही बनाया गया था जिसकी रखरखाव की व्यवस्था करना उनका कर्तव्य है और वह उसे कर्तव्य को पूरा कर रहे हैं उन्होंने कहा कि इसके अलावा नगर के अन्य पार्कों को भी भव्य रूप दिए जाने की कार्यवाही की जाएगी साथ ही नगर में यातायात व्यवस्था पार्किंग व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में नगर एक सुंदर रूप ले लेगा।

गुरप्रीत सिंह बिट्टू के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख समाजसेवी सरदार सतनाम सिंह डंग के युवा पुत्र गुरप्रीत सिंह डंग बिट्टू का सुबह दिल्ली में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। गुरप्रीत मात्र 25 वर्ष के थे उनके निधन पर उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ की तरफ से लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे परिवार और नगर के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय गुरप्रीत जी अत्यंत ही उत्साही और मेहनती शख्सियत के मालिक थे और परिवार के साथ कन्धे से कंधा मिला कर अपने व्यापार को दिनोदिन उन्नति की तरफ ले जा रहे थे एडवोकेट छाबड़ा ने कहा लोकतंत्र सेनानी संघ इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है , गुरुद्वारा सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर के उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह बठला ,मंजीत सिंह मक्कड़, सरदार सुरमुख सिंह विर्क ,मोहनजीत सिंह सुखीजा, कंवलजीत,सरदार जसबीरसिंह कुमार, ओमेक्स सोसायटी के सचिव अभिनव छाबड़ा, अध्यक्ष आनन्दसिंह नेगी , उपाध्यक्ष राकेश चौहान, कोषाध्यक्ष, गुरविंदर सिंह, ललित गोयल, योगेश लाम्बा, सुनील झावर, विनीत गर्ग ,बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी, कमल चिलाना एडवोकेट, सुगम गगनेजा, जुगल गोस्वामी, एडवोकेट धर्मेंद्र डंग , लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ,दीपक दावड़ा, प्राण ठक्कर, व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा,समाज सेविका मंजुला गाबा, नीरू छाबड़ा, जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य रिम्मी तागरा, श्रीमती कमलेश मिड्ढा,अशोक मिड्ढा, विशाल खेड़ा, सरदार अमरीक सिंह भुसरी, तथा एडवोकेट होमी कुरेशी तथा इंद्रसेन खेड़ा समेत तमाम लोगों ने स्वर्गीय गुरप्रीतसिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर डंग परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

फरार वांछित तथा वारन्टी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले काफी समय से फरार वारंटी और वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा ने बताया कि तरुण विद्यार्थी निवासी ग्राम बड़ैत पोस्ट देवदार कोतवाली भवाली जनपद जो लंबे समय से वांछित चल रहा था इसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की वारंट जारी किया गया था। उसकी गिरफ्तारी

हेतु एसएसपी द्वारा दिये निर्देश के क्रम में थाना काठगोदाम द्वारा गठित टीम कर अभियुक्त तरुण विद्यार्थी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं थाना पुलिस टीम द्वारा वार्रटियों की धड़-पकड़ अभियान के अंतर्गत वारण्टी अभिषेक कुमार निवासी सुल्तान नगरी पूर्वी खेड़ा गोलापार को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

बाईक पर अवैध शराब ले जाता पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चोरगलिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक नशा तस्कर को 150 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चोरगलिया क्षेत्र में बाईक सवार युवक को रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता जसपाल सिंह उर्फ पाली निवासी ढोराडाम नजीबाबाद थाना किच्छा बताया। तलाशी लेने पर बाईक पर रखे कट्टे से कुल 150 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। नपुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर बाईक सीज कर दी और आवश्यक पूछताछ करने के बाद जसपाल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

समाजसेवी गणेश देवराड़ी का निधन

गूलरभोज(उद संवाददाता)।समाजसेवी गणेश देवराडी का आकस्मिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। 52 वर्षीय गणेश देवराड़ी के निधन पर व्यापारियों ने शोक में अपने प्रतिष्ठान आधे दिन के लिए बंद रखें। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडे, अतुल पांडे, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, हरीश छाबड़ा, विजय गुंबर, आशु रघुवंशी, सतीश चुघ, संजीव कुमार गुप्ता, किशोर सावंत, प्रमोद पांडे, ईश्वरी डोगरा, अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र पानू, लक्ष्मण गिरि, हरेंद्र तोमर, बिजेंद्र यादव, संदीप रहलन, राजकुमार ग्रोवर आदि उपस्थित थे।

श्री हरि चैतन्यपुरी को भक्तों ने दी विदाई

रामनगर (उद संवाददाता)। दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव व विराट धर्म सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न होने के बाद श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी को श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर से हजारों भक्तों ने भावपूर्ण अश्रुपूरित विदाई दी। श्री महाराज जी ने राजस्थान की ओर प्रस्थान किया। श्री महाराज जी की भी आँखों में आँसू दिखाई दिए। भावुक होकर उन्होंने अपने रामनगर व उत्तराखण्ड प्रवास को अविस्मरणीय बताया तथा दस दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन बिना किसी भेदभाव के रोज हजारों भक्त सम्मिलित हुए के निर्विघ्न संपन्न होने में असंख्य भक्तों के साथ साथ शासन व प्रशासन को भी धन्यवाद कहा। उन्होंने देवभूमि व यहाँ के वासियों की प्रशंसा करते हुए सभी का आवाहन किया कि सभी समस्त प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम, एकता , सद्भाव व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें तथा इस पवित्र भूमि की मर्यादाओं, मूल्यों, विरासतों व ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धार्मिक धरोहरों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य दें। सम्पूर्ण वातावरण बहुत ही भावुक हो गया तथा सदगुरूदेव भगवान की जय, कामां के कन्हैया की जय, लाठी वाले भैय्या की जय, दिव्येश्वर महादेव की जय व जगदम्बे मैय्या की जय से गूंज उठा।

पति सास ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सास ससुर व पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मूल रूप से भिकियासैंण वडाली जनपद अल्मोड़ा तथा हाल प्रतापपुर निवासी मनीषा अधिकारी ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसका विवाह बी 10 ए द्वितीय तल ब्लॉक बी गली नंबर 2 साउथ गणेश नगर दिल्ली निवासी पूरन सिंह अधिकारी के पुत्र आकाश अधिकारी के साथ धूमधाम से हुआ। विवाहिता का आरोप है की शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बाइट इसके बाद ससुर पूरन अधिकारी, सास शीला अधिकारी व पति ने दहेज की खातिर अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उपरोक्त तीनों द्वारा उसकी बुरी तरह उत्पीड़न किया जाने लगा। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उपरोक्त तीनों आरोपियों द्वारा उसे पूर्व में कई बार जान से मारने की धमकी भी दी गई। दहेज उत्पीड़न के इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया

जयनगर में आज रात ठुकराल करेंगे रामलीला का उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव शक्ति सामाजिक एवं धार्मिक सेवा समिति जयनगर की ओर से जयनगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित की जा रही श्री अवध रामम लीला कला मंचन का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल आज रात्रि उदघाटन करेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक किया जायेगा। उदघाटन आज रात्रि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल करेंगे। पहले दिन नारद मोह और रावण तपस्या का मंचन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रामलीला मंचन में पहुंचने की अपील की है।

गैस की कालाबाजारी के खिलाफ छापे,15 सिलेंडर बरामद किये

गदरपुर (उद संवाददाता)।लंबे समय से घरेलू गैस सिलिंडर के चल रहे काले कारोबार पर जिम्मेदारों की नजर शिकायत के बाद पड़ी है। शिकायत पर की गई छापेमारी के दौरान 15 अवैध गैस सिलिंडर मिले। पूर्ति निरीक्षक ने गैस एजेंसी को सिलिंडर सुपुर्द कर दिए है वही छापे से गैस की कालाबा जारी करने वालो में हड़कंप मच गया । मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक चंदर शेखर कांडपाल ने सकेनिया मोड़ के पास टिप्सन नरूला पुत्र सुरेश नरूला के प्रतिष्ठान पर छापा मारकर 10 इंडेन के अवैध सिलेंडर बरामद किए वही अन्य दो स्थानों से भी 5 इंडेन के सिलेंडर सहित कुल 15 सिलेंडर बरामद किए पूर्ति निरीक्षक ने सभी 15 सिलेंडर को गैस एजेंसी प्रबंधक के सुपुर्द कर दिए हैं वहीं पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि अभियान जारी रहेगा अगर कोई भी अवैध गैस का काला बाजारी करते हुए पकड़ा गया तो बैधनिक कार्रवाई की जाएगी बताते चलें कि गैस की कालाबाजारी करने वाले लोग यूपी से बड़ी मात्रा से गैस सिलेंडर लाकर उन्हें मनमाने दामो पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। जिससे गैस एजेंसी की छवि धूमिल हो रही हैं।

पेज एक का शेष...

सेवानिवृत्त पशुचिकित्सा अधिकारी...को मेरे द्वारा वाट्सअप के माध्यम से उनके प्लेटफार्म पर निवेश की गयी अपनी धनराशि को निकालने हेतु आग्रह किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि आपको हमारी कम्पनी बजाज फिनसर्व द्वारा 35 लाख व 10 लाख कुल 45 लाख रुपये का लोन दिया गया है, पहले आप इसको अलग से हमारे बैंक खाते में जमा करे तभी आप अपनी धनराशि को विद्ड्राल कर सकते हैं। उनके द्वारा सहमति बगैर ऑटो स्वैप कर आईपीओ के नाम पर फ्रीज कर दिया गया । कुल 45 लाख रुपये जमा करने के लिए दबाव बनाये जाने लगा और लीगल कार्यवाही करने की धमकी दी जाने लगी। जिससे उन्हें शंका उत्पन्न हुयी कि उनके साथ साईबर धोखाधड़ी की जा रही है। तिलक सिंह ने बताया कि 6 सितम्बर 2024 से 29 सितम्बर 2024 तक उनके द्वारा जमा कराई गईं कुल 64,01,100 रुपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चुनाव से पूर्व पहले से मुफ्त की योजनाओं की घोषणा पर रोक लग जानी चाहिए। ऐसी रोक सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि सभी राजनीतिक दलों पर लागू होनी चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक ऐसी योजनाओं की भरमार देखी गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई एंट्री पर लगने वाले सारे टोल टैक्स कारों के लिए माफ कर दिए हैं। इसके अलावा लड़की बहिन योजना का ऐलान हुआ है। वहीं ओबीसी आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर बढ़ाने की केंद्र से सिफारिश की गई है। ऐसी ही कई योजनाओं का ऐलान झारखंड से हुआ है। हरियाणा में भी चुनाव से ठीक पहले सरकार ने ऐसे कई फैसले लिए थे। चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार ने भी ऐसे कई ऐलान किए थे। अब ऐसे ही ऐलानों को लेकर शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की गई है।

मांगों को लेकर...जनों का कहना था कि वह दिव्यांग पेंशन मात्र 1500 रूपये पर आश्रित हैं, लम्बे समय से उनके द्वारा गुलाबी राशन कार्ड आर्वोटित किये जाने की मांग की जा रही है ताकि दिव्यांगजनों को राशन के साथ अन्य सुविधायें मिल सके। लेकिन उन्हें केन्द्र सरकार का मामला बताकर टरकाया जा रहा है। ज्ञापन में दिव्यांगजनों ने गुलाबी राशन कार्ड बनवाने के साथ ही दिव्यांगों की मासिक पेंशन को बढ़ाकर दस हजार रूपये मासिक करने, आयुष्मान योजना के अंतर्गत ईलाज की सीमा को पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख करने, उज्जवला योजना के अंतर्गत मुफ्त सिलेण्डर देने की मांग की। प्रदर्शन मे संतोष कश्यप, दिनेश कोहली, अतुल कुमार सक्सेना, जफर, नईम, आलोक ढाली, अरूण मण्डल, अनामिका, शरीफ, मो. जीशान, मिलन हालदार, करन, जयंत, मोनिका तरफदार, राकेश बादल, बलविंदर, बाबू राम, मनोरंजन, दीपक विश्वास, मो. जफर, लिपिका, मोहित, विशाल ढाली, दिनेश चन्द्र भट्ट, पूर्णिमा, उस्मान, सुष्मिता विश्वास, विनोद कुमार, सर्वजीत सरकार, मोहित विश्वास, अनामिका, राम सिह चंदोल, राकेश मण्डल आदि शामिल थे।

पुलिसकर्मी की ... मैम आपके मोबाइल पर चार नम्बर आये होंगे, आप मुझे बता दीजिए, मैं आपका पैसा कन्फर्म कर देता हूँ। उन्होंने वो नम्बर बता दिया जिसके बाद उनके खाते से पैसे कटने शुरु हो गये। उर्मिला ने बताया कि जब तक वह फोन काटती तब तक उनके खाते से 99,002 रुपये निकल चुके थे। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। उर्मिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

चोरी हुए १५ लाख..कर लिया। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को ढाई हजार रूपये नगद ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस टीम में पंतनगर थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा, उपनिरीक्षक प्रदीप कोहली,हेम चंद्र सिंह, कांस्टेबल पंकज पोखरियाल,नवीन कन्याल, भुपेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

जाफरपुर गोलीकांड..वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत, उपनिरीक्षक मनोजकुमार, उनि. प्रदीप कुमार भट्ट,उनि नवीन सुयाल, अउनि संतोष उप्रेती, अउनि अनवर अहमद, कानि. श्याम सुन्दर बिष्ट, गोबिन्द आर्या, बलवंत सिंह, रिजर्व कानि., निर्मल गैडा व कानि. चालक कमलेश नेगी शामिल थे।।

आवारा सांड के...घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं आवारा जानवरों को लेकर लोगों में रोष है। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी ने कहा कि लावारिस घूम रहे जानवर आये दिन लोगों पर हमला करते हैं, पूर्व में भी हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं। इसको लेकर एक ज्ञापन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को दिया जाएगा।

शराब दुकान हटाने...हटाने की मांग की। इस दौरान निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा, प्रियाश, मंजू बिष्ट, मधु चौहान, गीता बिष्ट, सरिता चौहान, ममता नेगी, ममता मोर्य, मंजू ,राकेश नौटियाल, पूजा तिवारी, राकेश रावत, राधिका रावत, प्रीति बिष्ट, मीना पाठक, अनीता बिष्ट ,पूजा बिष्ट आदि मौजूद थे।

एसएसपी ने देर रात...निर्देश भी दिये। एसएसपी ने बताया कि फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले ऐसे अपराधी बिल्कुल भी बक्शे नहीं जाएंगे , ऐसे अपराधियों पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

नाम परिवर्तन सूचना

मेरा बीमा योजना आरपीएलआई संख्या R/UA/EA-411225 व आरपीएलआई संख्या R/UA/EA-411226 में मेरा नाम लीला भट्ट पत्नी गोकुल भट्ट है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम नीमा देवी पत्नी गोकुल चंद्र तथा मेरा पोस्ट आफिस बचत खाते व पैन कार्ड में नाम नीमा भट्ट है। लीला भट्ट, नीमा देवी व नीमा भट्ट तीनो नाम मेरे ही है।

नीमा देवी पत्नी गोकुल भट्ट, ग्राम भटखोला, पो.छानी काफलीगैर, जिला बागेश्वर

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम JAYANTI KUMARI (पुराना नाम) से बदलकर अब जयंती देवी JAYNTI DEVI नया नाम कर लिया है अत: अबसे भविष्य में मुझे JAYNTI DEVI नाम से जाना व पहचाना जाए। -जयंती देवी पत्नी हेमचन्द निवासी सुप्रिया कलौनी सितारगंज,उधमसिंहनगर

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

ईरा ट्रेडर्स
महासेल Upto 50%
हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूवर्स पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीरयर एवं एक्सटीरयर मटेरियल इत्यिादि
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट
Since 2004

आर्टफिशयल घास

पी.यू. मार्बल शीट

वालपेपर

यू.वी. शीट
सम्पर्क सुत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. ई-कार्शीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)

नौकरशाही के निजाम ने 'हवा में उड़ाया' सीएम का आदेश

खत्म हुई मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित गड्ढा भरान की डेडलाइन,सड़क के गड्ढे जस के तस गड्ढों के जानलेवा होने का हो रहा इंतजार, कार्यवाही की चेतावनी भी दिख रही बेसर

-अर्श-

रुद्रपुर। प्रशासन के जानकारों ने शायद ठीक ही कहा है कि नौकरशाही उसे बेलगाम घोड़े की तरह होती है,जो आसानी से किसी के काबू में नहीं आता। ऐन यही हाल इस समय उत्तराखंड की नौकरशाही का भी है। उत्तराखंड की जनता की चुनी हुई सरकार नौकरशाही को अपनी मर्जी से चलाने एवं उस पर लगाम लगाने की चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, पर नौकरशाही चलती अपने परंपरागत तौर तरीके से ही है।प्रशासनिक अधिकारियों का काम करने का अपना ही अंदाज होता है और वे सरकार द्वारा निर्धारित किसी समय सीमा में बंध कर सामान्यतया कम ही काम कर पाते हैं। यह बात उधम सिंह नगर जनपद के निजाम, जिसे मुख्यमंत्री के निर्देश और चेतावनी की कतई परवाह नहीं है,ने पूरी तरह सच साबित कर दी है। ज्ञात हो के उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बरसात से क्षतिग्रस्तहुई सड़कों को सुधारने एवं सड़कों में बने गड्ढों को भरने का काम 15 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से पूरा कर लेने के निर्देश दिए थे तथा निर्धारित समय अवधि तक उपरोक्त कार्य पूरा न होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सीआर में प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित डेडलाइन समाप्त होने के बाद भी उधम सिंह नगर जनपद के मुख्यालय रुद्रपुर की सड़कों के गड्ढों की स्थिति जस की तस हैं। जाहिर है कि जब नौकरशाही के निजाम ने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में जिला मुख्यालय में सड़क के गड्ढे तय समय सीमा के अंतर्गत दुरुस्त करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, तो स्वाभाविक है कि जनपद मुख्यालय से दूर दराज के क्षेत्र की सड़कों की अच्छी खासी उपेक्षा हुई होगी । बात जिला मुख्यालय रुद्रपुर की करें, तो यातायात की दृष्टि से शहर के व्यस्ततम इलाके डीडी चौक में गांधी पार्क के उत्तरी द्वार के सामने सड़क पर बने गड्ढे आहिस्ता-आहिस्ता गहरे एवं जानलेवा होते जा रहे हैं, लेकिन जनपद के निजाम की नजर अभी तक इन गड्ढों पर नहीं पड़ी है ।यू जान पड़ता है जैसे जनपद के निजाम को किसी अनहोनी का इंतजार है, क्योंकि आम तौर पर प्रशासनिक अधिकारियों की नींद किसी अनहोनी के बाद ही टूटती है। हैरानी की बात तो यह है कि अभी चंद दिनों पहले ही गांधी पार्क में आयोजित दशहरा उत्सव का आनंद लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ इसी मार्ग के गड्ढों को कूदते-फांदते आई और गई है। है ना मजे की बात, कि शहर के गांधी पार्क में इतना बड़ा जलसा संपन्न हो गया, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन को जलसा स्थल तक पहुंचाने वाले रास्ते को दुरुस्त करने आवश्यकता नहीं महसूस की। यद्यपि आमजन को इन गड्ढों से सुरक्षित रखने के लिए यातायात के कतिपय दायित्व अधिकारियों ने गड्ढों से पहले जी-20 समिट के समय तैयार किए गए बैरिकेड का एक बोर्ड मौके पर अवश्य रख दिया गया है, लेकिन यह बोर्ड कुछ ही समय तक सड़क पर खड़ा रह पाता है ।वह इसलिए, क्योंकि आने जाने वाले वाहन इस बोर्ड को टक्कर मारकर अक्सर ही गिरा देते हैं और यह बोर्ड काफी समय तक सड़क के बीचो-बीच पड़ा रहता है। ऐसे में कोई राहगीर अथवा दो पहिया वाहन चालक सड़क पर गिरे हुए उक्त बोर्ड से टकरा कर लहूलुहान हो जाए तो आश्चर्य ना होगा। दुखद बात तो यह है कि नौकरशाही के निजाम को यह भी नजर नहीं आता कि इसी मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में छात्राएं स्कूल आती जाती हैं ,जो कभी भी किसी असावधानी के कारण किसी दुर्घटना का शिकार हो सकती हैं। इसी प्रकार दायित्वाधिकारियों की उदासीनता के चलते रामपुर नैनीताल हाईवे पर भी एक गड्ढागहरा एवं खतरनाक होता जा रहा है। जल संस्थान की पानी की टंकी के सामने बन रहा यह गड्ढा कोढ़ में खाज की स्थिति जैसा है ,क्योंकि इस गड्ढे के नीचे ही जल संस्थान की पाइप लाइन टूट गई है, जिससे पानी निकलता रहता है । सप्लाई के समय पानी रिसने के कारण सड़क तो क्षतिग्रस्त हो ही रही है, साथ ही साथ हजारों लीटर दिए पेय जल भी रोजाना बर्बाद हो रहा है। कहने की जरूरत नहीं कि जल्द ही अगर पानी का रिसाव बंद करके सड़क पर बने गड्ढों को भरा नहीं गया, तो आगे चलकर इसके अनेक दुष्परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000